# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–26 जुलाई 2025 सान्ध्य समाचार

पूरा देश आज कारगिल विजय दिवस मना रहा है। यह दिवस उन्नीस सौ निन्यानबे में पाकिस्तान के खिलाफ हुए कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में मनाया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। इस अवसर पर लखनऊ के कारगिल शहीद स्मृति वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज का दिन भारत के महान सपूतों को याद करने का दिन है। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध पाकिस्तान ने भारत पर थोपा था, जिसका हमारे वीर जवानों ने मुहतोड़ जवाब दिया। इस मौके पर श्री योगी ने पुलवामा हमले की भी चर्चा की।

***पाकिस्तान को सबक सिखने में भारत के बहादुर जवानों को भारत की सेना को बाइस मिनट भी नहीं लगे। पाकिस्तान के आंतकी कैमों, कैम्पों को तहस–नहस कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी जी ने यही कहा था कि पुलवामा में जिसने भी दुस्साहस किया उसको इसकी कीमत चुकानी पड़ी और फिर आपने देखा होगा इस बार भी पाकिस्तान चिल्ला–चिल्ला के अमरिका के पास पहुंचा। भारत एक मोर्चे पर कई–कई देशों से लड़ रहा था कहीं तुर्किये के द्वारा कहीं चीन के द्वारा और कहीं दुनिया के अन्य देशों के द्वारा भी उसे सहायता दी जा रही थी, लेकिन उस सब के बावजूद भारत के बहादुर सेना के सामने पाकिस्तान की एक नहीं चली और अंततः उसको समर्पण करने के लिये मजबूर होना पड़ा।***

वाराणसी में कारगिल विजय दिवस पर उनतालीस जीटीसी परिसर के वार मेमोरियल पर अमर शहीदों की याद में सैनिकों ने पुष्प अर्पित किए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्नाव में स्थापित देश की पहली निजी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस–एआई यूनिवर्सिटी का आज उद्घाटन किया। उन्होंने इसे आधुनिक भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताते हुए कहा कि यह नई यूनिवर्सिटी तकनीकी प्रगति और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों को साकार करने का केन्द्र बनेगा। श्री योगी ने युवाओं को डिजिटल और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिये राज्य सरकार के प्रयासों, निजी और सरकारी निवेश की उपलब्धियों तथा शिक्षा और उद्योग सहयोग की दिशा में हुए सुधारों को भी रेखांकित किया।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम के जरिये देश विदेश के लोगों को सम्बोधित करेंगे। यह इस कार्यक्रम की एक सौ चौबीसवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समस्त नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर सीधे प्रसारित होगा।

**********

प्रदेश के सभी जिलों में कल आयोजित होने वाली समीक्षा अधिकारी–आरओ और सहायक समीक्षा अधिकारी–एआरओ परीक्षा दो हजार तेइस को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। एक रिपोर्ट–

***प्रदेश के सभी पचहत्तर जिलों में सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर साढ़े बारह बजे तक आयोजित होने वाली आरओ–एआरओ की परीक्षा में कुल दस लाख छिहत्तर हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। इसके लिये प्रदेश भर में दो हजार तीन सौ बेयासी परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। हर जिले में जिलाधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है जो परीक्षा की सम्पूर्ण व्यवस्था की निगरानी करेंगे और आवश्यकतानुसार त्वरित निर्णय ले सकेंगे। प्रदेश सरकार ने परीक्षा की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिये एसटीएफ, खुफिया एजेंसियों और पुलिस विभाग को विशेष जिम्मेदारी दी है। समाचार कक्ष से मैं अरूण।***

**********

अयोध्या का प्रसिद्ध झूलनोत्सव मेला कल से शुरू होगा। इस अवसर पर अयोध्या के सभी प्रमुख मठ मंदिरों के विग्रहों को शोभायात्रा निकाल कर मणि पर्वत ले जाने के बाद झूला झुलाने की परम्परा है। इस अवसर पर अयोध्या में लाखों श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन और स्थानीय पुलिस ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। हमारे प्रतिनिधि ने बताया कि अयोध्या का यह मेला न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक होता है, बल्कि अयोध्या की प्राचीन परम्पराओं और लोक संस्कृति को भी जीवंत करता है। मेले के दौरान हाइवे पर भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा, हालाकि छोटे वाहनों का आवागमन जारी रहेगा।

**********

केन्द्र सरकार ने देश भर में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत दस करोड़ अट्ठारह लाख से अधिक महिलाओं की सर्वाइकल कैंसर की जांच की है। स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई है। बयान में कहा गया है कि यह उपलब्धि गैर–संचारी रोगों की जांच, रोकथाम और प्रबंधन की जनसंख्या–आधारित पहल का हिस्सा है।

**********

हेल्थ डैशबोर्ड रैंकिंग में गोरखपुर जिला मई माह में पूरे प्रदेश में टॉप टेन में आया है। साथ ही गोरखपुर मंडल में जिले को पहला स्थान मिला है। यह जानकारी गोरखपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा ने दी। उन्होंने बताया कि यह रैंकिंग स्वास्थ्य संबंधित पंद्रह प्रमुख संकेतांकों के आधार पर प्रति माह की जाती है।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने आगामी उन्तीस जुलाई तक प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में कहीं कहीं भारी बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार इस दौरान तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा।

**********